N.E.S.High School
Bhandup (w),M-78.
Sub – HINDI Composite
III & IV Unit Test

Roll.No. : ____
STD-X , Div: __
Date-30/8/18

Marks – 10
Time – 30 mins

प्र .1 पठित परिछेद पर आधारित निम्नलिखित कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

एक बार एक बहुरूपिये ने साधु का रूप बनाया-सिर पर जटाएँ, नंगे शरीर पर भस्म, माथे पर त्रिपुंड, कमर में लँगोटी। उसके रूप में कही कोई कसर नही थी और वह संसारत्यागी साधु ही लगता था ।उसने नगर से बाहर बड़े-से पेड़ के नीचे अपनी झोपड़ी तैयार की, बगीचा लगाया और बैठकर तपस्या करने लगा।धीरे-धीरे सारे नगर में यह समाचार फैलने लगा कि बाहर एक बहुत पहुँचे हुए महात्मा ने आकर डेरा लगाया है।लोग उसके दर्शनों को आने लगे और धीरे-धीरे चारों तरफ साधु का यश फैल गया। सारे दिन उसके यहाँ भीड़ लगी रहती थी।लोग कहते थे कि महात्मा जी के उपदेशों में जादू है और उनके आशीर्वाद से संसार के बड़े से बड़े कष्ट दूर हो जाते हैं।अपनी इस कीर्ति से साधु को कभी-कभी बड़ा आश्चर्य होता और मन-ही-मन वह अपनी सफलता पर मुसकराया करता।

1

साधु के रूप में बहुरूपिया ऐसा था

2

लोग साधु के बारे में यह कहते - 2

प्र .2 पठित पद्यांश पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए । 1

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है,
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है।
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडल है,
बंदीजन खग वृंद, शेष फन सिंहासन है।
करते अभिषेक पयोद है, बलिहारी इस देश की।
हे मातृभूमि, तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की।।

Scanned by CamScanner

निर्मल तेरा नीर अमृत के सम उत्तम है,
शीतल-मंद-सुगंध पवन हर लेता श्रम है।
षड्ऋतुओं का विविध दृश्ययुत अदभुत क्रम है,
हरियाली का फर्श नहीं मखमल से कम है।

1. 2



2. उपर्युक्त प्रथम चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए । 1

प्र .3 व्याकरण कृतियाँ :

1. निम्नलिखित वाक्यों के रचना के अनुसार भेद लिखिए। 1

i. घर के आँगन में बरगद का पेड़ था ।

ii. राम ने नाश्ता किया और वह पाठशाला चला गया।

2. निम्नलिखित शब्दों का संधि विग्रह कीजिए और उनका भेद लिखिए। 2

संधि	संधि विच्छेद	भेद
उदगम		
रामेश्वर		

3. निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय शब्द पहचानकर उसका भेद लिखिए। 1

i. सारे कर्मचारियों ने दो दिन तक लगातार काम किया।